

स्क्रीनिंग के दौरान

# शरण तक पहुँच

→ अगर तुम अपने देश वापस नहीं जा सकते क्योंकि वह तुम्हारे लिए सुरक्षित नहीं है, **तो तुम यहाँ शरण मांग सकते हो।**

→ अगर तुम बिना पासपोर्ट या वीज़ा के आए हो, तो तुम्हें **4 स्क्रीनिंग जांच** से गुजरना होगा।

**अगर तुम 18 साल से कम के हो और अकेले हो, तो तुरंत पुलिस अधिकारियों को बताओ।**

वे तुम्हें सपोर्ट देने के लिए एक व्यक्ति नियुक्त करेंगे, जिसे **अभिभावक** कहा जाता है।

## पहचान और सुरक्षा जांच

- एक पुलिस अधिकारी या बॉर्डर गार्ड तुमसे तुम्हारा **नाम, उम्र, मूल स्थान और यात्रा की जानकारी** पूछेगा।
- वे 6 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों की **फोटो और फिंगरप्रिंट लेंगे।**
- **तुम्हारी तलाशी ली जा सकती है** और तुम्हारा सामान स्क्रीनिंग के बाद तक रखा जा सकता है।
- **अपने सभी डॉक्यूमेंट दिखाओ,** जैसे ID कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र, भले ही वे फोन में फोटो ही क्यों न हों।

## स्वास्थ्य और संवेदनशीलता जांच

- **डॉक्टर या नर्स तुम्हें** बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जांचेंगे।
- अगर **तुम्हारे पास मेडिकल रिपोर्ट** या वैक्सीन कार्ड है, तो उन्हें दिखाओ।
- **प्रशिक्षित स्टाफ तुम्हारी मदद करेगा।** अगर तुम्हें चिंता, दुख या डर लगे या तुम अपने परिवार को ढूंढ रहे हो, तो उन्हें बताओ।
- **तुम जो भी बताओगे, वह गोपनीय रहेगा** और तुम्हारे देश के अधिकारियों से साझा नहीं किया जाएगा।

ये जांच **7 दिनों** तक चल सकती है।
इस दौरान तुम वहीं रहोगे जहाँ स्क्रीनिंग हो रही है।

## याद रखो

- अगर तुमने शरण मांगी है, तो संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द तुम्हारा रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- सलाह के लिए वकील मांगो और अगर भाषा समझ नहीं आती तो दुभाषिया मांगो। वे तुम्हारी मदद मुफ्त में करेंगे।
- यहाँ काम करने वाले सभी लोगों को तुम्हारे साथ सम्मान से पेश आना चाहिए।
- अधिकारियों के साथ मिलकर काम करो और अगर उनकी कोई बात समझ न आए तो उनसे समझाने को कहो।
- अगर तुम वापस जाना चाहते हो, तो अपने विकल्प जानने के लिए अधिकारियों से मदद मांगो।



© यूरोपीय संघ शरणार्थी एजेंसी, 2025

euaa EUROPEAN UNION AGENCY FOR ASYLUM